रोहतक

शनिवार, 5 जुलाई 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 155
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 37.2
न्यून. 22.3


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,432.89 | 193.42 ▲ |
| निफ्टी | 25,461.00 | 55.70 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 99,020/- | 600/- ▲ |
| चांदी | 1,04,800/- | 1000/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.39 | 16 पैसे ▲ |
| कूड ऑयल 68.03 बैरल | | 1.03% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### ईरान ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू कीं

**तेहरान।** ईरान ने इजराइल के साथ हालिया तनाव के मद्देनजर 20 दिन पहले निलंबित की गई अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं फिर शुरू कर दी हैं, जिसके बाद राजधानी तेहरान के इमाम खामेनेई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली विदेशी उड़ान उतरी। स्थानीय मीडिया की खबरों से शुक्रवार को यह जानकारी सामने आई। भाषा

### विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 27 जून को समाप्त सप्ताह में 4.84 अरब डॉलर बढ़कर 702.78 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। भाषा

### नीट यूजी के नतीजों को चुनौती, अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रश्न में कथित त्रुटि के कारण नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि 2 दिन पहले इसी तरह की एक अन्य याचिका खारिज कर दी थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती। एजेंसी

### ट्रेन में 80 और स्टेशन पर 70 रुपये में खाना

**नई दिल्ली।** ट्रेनों में लंबी दूरी का सफर तय करने वाले यात्रियों की संख्या भी करोड़ों में होती है। रेल मंत्रालय ने अपने एक्स अकाउंट पर वेज मील की कीमत और इसका पूरा मेन्यू शेयर किया है। इसमें बताया कि स्टेशन पर मिलने वाले वेज मील की कीमत 70 रुपये है, जबकि ट्रेनों में इसकी कीमत 80 रुपये है। रेल मंत्रालय ने बताया कि वेज मील (स्टैंडर्ड कैसरोल) के मेन्यू में प्लेन चावल (150 ग्राम), गाढ़ी दाल या सांभर (150 ग्राम), दही (80 ग्राम), 2 पराठा या 4 रोटी (100 ग्राम), सब्जी (100 ग्राम) और अचार का पैकेट (12 ग्राम) दिया जाता है। एजेंसी

---

**त्रिनिनाद एवं टोबैको में बोले प्रधानमंत्री मोदी**

# नए भारत के लिए आकाश भी सीमा नहीं, यह अवसरों की भूमि, इसका लाभ उठाएं, हम जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे

**पोर्ट ऑफ स्पेन (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत जल्द दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। नए भारत के लिए आकाश भी सीमा नहीं है। भारत अवसरों की भूमि है। आप भी इसका लाभ उठाएं। एआई, सेमीकंडक्टर एवं 'क्वांटम कंप्यूटिंग' संबंधी इसके मिशन विकास के नए इंजन बन रहे हैं। यह बातें मोदी ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कही। बता दें कि पीएम मोदी 5 देशों के दौरे के दूसरे चरण में दो दिवसीय यात्रा के तहत शुक्रवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। जहां हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर और उनके मंत्रिमंडल के करीब 38 मंत्रियों, 4 सांसदों ने भारतीय वेशभूषा में उनका भव्य अंदाज में रेड कार्पेट वेलकम किया, परंपरागत अंदाज में पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑर्नर दिया गया। (पेज 8 भी देखें)

**पीएम मोदी का त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचने पर पियार्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वहां की पीएम कमला एवं बिहार की बेटी कमला प्रसाद बिसेसर और उनके मंत्रिमंडल ने भव्य स्वागत किया। मोदी को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इसके बाद राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किया**

### बिहार की बेटी दुनिया का गौरव

पीएम मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम कमला प्रसाद-बिसेसर उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों, सांसदों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित 4,000 से अधिक लोग मौजूद रहे। मोदी ने भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा, 'उन्होंने अपनी धरती छोड़ दी, लेकिन अपनी आत्मा नहीं छोड़ी।' 'उन्होंने गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया लेकिन अपने दिलों में रामायण को ले गए। उन्होंने अपने संबोधन में बिहार का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि प्रधानमंत्री कमला बिसेसर बिहार की बेटी हैं और बिहार राज्य की विरासत भारत के साथ ही दुनिया का भी गौरव है।





त्रिनिदाद-टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने पीएम मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से नवाजा। मोदी ने उनका आभार जताया और सम्मान को भारत के 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित किया।

### भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र

मोदी ने कहा कि भारत के विकास को उसके 'नवोन्मेषी और ऊर्जावान' युवा गति दे रहे हैं। 'भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है। इनमें से लगभग आधे स्टार्टअप में निदेशक के रूप में महिलाएं हैं। लगभग 120 स्टार्टअप को 'यूनिकॉर्न' का दर्जा मिला है।' मोदी ने यूपीआई को भी प्रदर्शित करते हुए कहा कि इसने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है।

### कमला के पूर्वज बक्सर के रहने वाले

मोदी ने कहा, पीएम कमला प्रसाद बिसेसर के पूर्वज बिहार के बक्सर के रहने वाले हैं और वह भी वहां जाकर आई हैं। भारत में लोग इन्हें बिहार की बेटी मानते हैं। यहां कई लोगों के पूर्वज बिहार से ही आए थे। **बता दें कि यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।**

---

**तेज बारिश से उमसभरी गर्मी से राहत ▶▶ जलभराव से लोग परेशान**

# रोहतक-सोनीपत समेत कई जिलों में झमाझम, दुकानों-घरों में घुसा पानी

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** रोहतक और सोनीपत समेत करीब 12 जिलों में शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई। इसके कारण निचले इलाकों में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोनीपत, झज्जर और रोहतक में सड़कों पर पानी भर गया। सोनीपत में दुकानों और घरों में भी पानी घुस गया। हॉकी स्टेडियम में पानी भरा होने की वजह से खेल मंत्री गौरव गौतम को जूते उतारने पड़े। उन्होंने चप्पल पहनकर खिलाड़ियों से मुलाकात की। वहीं, नूंह में तेज बारिश के अलर्ट के चलते डीसी विश्वास कुमार मीणा ने 4 से 9 जुलाई तक अधिकारियों और कर्मचारियों को हेडक्वार्टर में रहने के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को हिसार, रोहतक, भिवानी, गुरुग्राम, पानीपत, सोनीपत, करनाल, फतेहाबाद, झज्जर, चरखी दादरी, जींद और महेंद्रगढ़ के कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं, जलभराव ने लोगों को खूब परेशान किया। कई जगह सड़कों पर गाड़ियां बंद हो गई।

***नूंह के उपायुक्त बोले-अधिकारी हेडक्वार्टर न छोड़ें, अभी 7 तक भारी बारिश के आसार***



सोनीपत में ये हाल

### रोहतक में 58 एमएम बरसात

रोहतक में 58 और कलानौर खंड मुख्यालय पर 25 एमएम बरसात दर्ज की गई। इस मौसम में पहली बार रोहतक में एक बार में सबसे ज्यादा ज्यादा बरसात दर्ज की गई। धान की खेती करने वाले किसानों को अधिक फायदा हुआ है। किसान बारिश से खुश हैं।

सोनीपत में बारिश से जहां एक ओर तापमान में गिरावट दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की समस्या सामने आई। गीता भवन चौक, ककरोई चौक, सुभाष चौक, मॉडल टाउन, सेक्टर 14 व 15, जैसे प्रमुख स्थानों पर जलभराव के कारण राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### आज यहां बारिश संभव

मौसम विभाग के अनुसार 5 जुलाई को पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में 75 से 100 प्रतिशत तक, करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, पलवल, नूंह और फरीदाबाद में 50 से 75 प्रतिशत तक, जबकि जींद, रोहतक, भिवानी, हिसार और कैथल में 25 से 50 प्रतिशत तक बरसात की संभावना है। सिरसा और फतेहाबाद में भी 25 प्रतिशत तक बारिश हो सकती है। हरियाणा में अब तक औसतन 86.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि सामान्यतः इस अवधि में 65.4 मिमी बारिश होती थी। इस बार सामान्य से 32 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

### तीन दिन और बारिश

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी वाली मानसूनी हवाएं तेजी से हरियाणा की तरफ बढ़ रही हैं। इसके अलावा राजस्थान के ऊपर बना साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण 7 जुलाई तक प्रदेश में झमझम बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने छह और सात जुलाई को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

---

# ग्रुप-डी के 361 कर्मियों का जून का वेतन रोका

सुरेंद्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश में वर्ष 2023 में लगे ग्रुप-डी के 361 कर्मचारियों द्वारा एजुकेशनल दस्तावेज जमा न करवाने या आधे अधूरे दस्तावेज जमा करवाने पर सरकार ने जून माह का वेतन रोक लिया है। अगर इन कर्मचारियों ने असली दस्तावेज जमा नहीं करवाए तो इनकी सेवाएं समाप्त हो सकती हैं। प्रदेश सरकार ने सभी डिवीजन कमीशनर को पत्र लिखकर आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश के मानव संसाधन विभाग के निदेशक द्वारा जारी पत्र में प्रदेश के सभी 6 डिवीजन करनाल, अंबाला, रोहतक, फरीदाबाद और हिसार शामिल हैं। पत्र में कहा कि सभी डीडीओ को निर्देश जारी किए जाएं और ग्रुप-डी के तहत लगे सभी 361 कर्मियों की जून माह की सैलेरी जारी न किए जाए। कारण इन आदेशों के पीछे अधिकांश उम्मीदवारों के कागजात वेरिफाई न होना है। बता दें कि चयनित 361 उम्मीदवारों में से 271 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने ग्रुप-डी के तहत नौकरी ज्वाइन कर ली, जबकि 90 उम्मीदवारों ने अभी तक नौकरी ज्वाइन नहीं की है।

- शिक्षा के दस्तावेज जमा न करवाने पर कार्रवाई
- दस्तावेज जमा न करवाए तो सेवाएं समाप्त होंगी
- करनाल, रोहतक, अंबाला, हिसार, फरीदाबाद डिवीजन में जारी किया पत्र

### महिला अनुबंधित कर्मियों को अब हर माह मिलेंगे दो आकस्मिक अवकाश

**प्रदेश सरकार का अहम फैसला, अधिसूचना जारी**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगी सभी महिला अनुबंधित कर्मचारियों को हर महीने दो आकस्मिक अवकाश देने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब ऐसे कर्मचारियों को हर महीने दो आकस्मिक अवकाश मिलेंगे, लेकिन ये अवकाश एक कैलेंडर वर्ष में 22 से अधिक नहीं होंगे। ये आकस्मिक अवकाश मौजूदा 10 दिन के चिकित्सा अवकाश के अतिरिक्त होंगे। पहले आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे सभी अनुबंधित कर्मचारियों को हर साल 10 दिन के आकस्मिक अवकाश और 10 दिन के चिकित्सा अवकाश की अनुमति थी।

---

# टाटा कॉलेज के चेयरमैन, स्वास्थ्य मंत्रालय के 8 अफसरों समेत 34 पर मुकदमा दर्ज

**सीबीआई ने किया मेडिकल में बड़े घोटाले का पर्दाफाश | आरोपितों में कई बड़े अधिकारी बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल | एनएमसी के निरीक्षण दल से जुड़े 5 डॉक्टर्स पर भी केस दर्ज**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में हेरफेर सहित कई 'घोर' कृत्यों में शामिल थे। एजेंसी ने प्राथमिकी में 34 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के 8 अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का एक अधिकारी और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के निरीक्षण दल से जुड़े 5 डॉक्टर शामिल हैं। टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डीपी सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के चेयरमैन रविशंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया का नाम भी प्राथमिकी में शामिल है।

### आठ लोगों को किया गिरफ्तार

सीबीआई ने हाल ही में इस मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एनएमसी टीम के तीन डॉक्टर भी शामिल हैं, जिन्हें नया रायपुर स्थित रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च को अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए 55 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस गठजोड़ की जड़ें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में हैं, जहां आठ आरोपी अधिकारियों ने बड़ी रिश्वत के बदले में बिचौलियों के एक नेटवर्क के माध्यम से अनधिकृत पहुंच, अवैध नकल और अत्यधिक गोपनीय फाइलों और संवेदनशील सूचनाओं को मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों तक पहुंचाने की काफी सोची-समझी योजना चलाई।

### ये आरोपित बनाए

सीबीआई ने प्राथमिकी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से पूनम मीणा, धर्मवीर, पीयूष माल्यान, अनूप जायसवाल, राहुल श्रीवास्तव, दीपक, मनीषा और चंदन कुमार को आरोपित बनाया है। उन्होंने कथित तौर पर फाइलों को ढूंढकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों की तस्वीरें खींच लीं। सीबीआई अनुसार, मंत्रालय में चिकित्सा संस्थानों की नियामक स्थिति और आंतरिक प्रक्रिया से संबंधित इस महत्वपूर्ण जानकारी ने कॉलेजों को अत्यधिक लाभ पहुंचाया, जिससे उन्हें निरीक्षण प्रक्रिया में व्यापक धोखाधड़ी करने का अवसर मिला।

### लाखों रुपये की रिश्वत ली गई

- प्राथमिकी के अनुसार, इस तरह पहले ही मिली जानकारी से मेडिकल कॉलेजों को धोखाधड़ी करने का समय मिल गया, जिसमें अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट हासिल करने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं को रिश्वत देना, गैर-मौजूद या प्रतिनिधि संकाय की तैनाती, काल्पनिक रोगियों को भर्ती करना और बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करना शामिल है।
- एनएमसी की विभिन्न टीम, बिचौलियों और मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के बीच लाखों रुपये की रिश्वत का लेन-देन हवाला के जरिए किया जा रहा है और इसका इस्तेमाल मंदिर निर्माण के नाम सहित कई उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है।

---

# सीयूईटी-यूजी के रिजल्ट घोषित, एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए

- एनटीए ने कहा, 17 अभ्यर्थियों के 3 विषयों में 100 पर्सेंटाइल
- 150 अभ्यर्थियों के 2 विषयों में 100 पर्सेंटाइल

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) में एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, जबकि देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया है। एनटीए ने 13,54,699 अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में सीयूईटी-यूजी आयोजित की थी। इन अभ्यर्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए विभिन्न विषयों की परीक्षा के लिए आवेदन किया था। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'केवल एक अभ्यर्थी ने अपने चुने हुए पांच विषयों में से चार में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं, जबकि 150 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं।' कुल मिलाकर, सीयूईटी-यूजी 2025 में अभ्यर्थियों को 37 विषय (13 भाषाएं, 23 डोमेन-विशिष्ट विषय व सामान्य योग्यता परीक्षा) पेश किए थे।

---

# श्रम विभाग में करोड़ों रुपये का घोटाला फर्जी कामगारों की निकली वर्क स्लिप

- विज द्वारा गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट में दावा
- अप्रैल में श्रम मंत्री ने गठित की थी तीन सदस्यीय कमेटी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



प्रदेश के श्रम विभाग में करोड़ों रुपये का घोटाला उजागर होने के बाद श्रम मंत्री अनिल विज ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। कमेटी की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वर्क स्लिप फर्जी कामगारों की निकली। बता दें कि अप्रैल में विज की अध्यक्षता में हुई सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की मीटिंग के दौरान इस घोटाले का खुलासा हुआ था। मामले के अनुसार मजदूरों की 90 दिनों की वर्क स्लिप का जो सत्यापन किया गया, उसमें अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच 11,96,759 मजदूरों की वर्क स्लिप का सत्यापन किया। इस अवधि में हिसार में 14,5,582 वर्क स्लिप सत्यापित की गई। ग्राम सचिव राजेन्द्र सिंह के ने अकेले 84,741 आवेदनों को माह में सत्यापित कर दिया। वहीं, ग्राम सचिव द्वारा 2646 ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### हममें नहीं, कृपया न्याय में ईश्वर को देखें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने एक वकील के बयान पर कहा कि 'हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें'। वकील ने कहा था कि वह न्यायाधीशों में भगवान देखते हैं। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इस प्रकरण में उपस्थित एक वकील ने मामले से मुक्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल उनकी बात नहीं सुन रहा है। वकील ने दावा किया कि उन्हें अपने मुवक्किल से एक नोटिस मिला है जिसमें आरोप लगाया गया है कि ''वकीलों के माध्यम से न्यायाधीशों से सांठगांठ की जा रही है''।

---

**विवाद** दलाई लामा ने कहा था, तिब्बती बौद्ध गुरुओं को उत्तराधिकारी चुनने का हक

# रिजिजू बोले-दलाई लामा उत्तराधिकारी खुद चुनें चीन ने कहा-हमारे मामलों में संभल कर बोलें

***केंद्र सरकार ने रिजिजू के बयान से बनाई दूरी कहा-हम धार्मिक मामले पर बात नहीं करते***

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** तिब्बती आध्यात्मिक धर्मगुरु 14वें दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चुनाव लेकर विवाद बढ़ गया। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब दलाई लामा ने 2 जुलाई को हिमाचल में कहा था कि उनके उत्तराधिकारी को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार तिब्बती बौद्ध गुरुओं को है। उन्होंने चीन का नाम लिए बगैर कहा कि किसी और को इसमें हस्तक्षेप करने का हक नहीं है। इस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी 3 जुलाई को दलाई लामा के बयान का समर्थन किया। रिजिजू ने कहा कि दलाई लामा को उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार होना चाहिए। उनके इस बयान पर इस बयान पर चीन ने कड़ी नाराजगी जताई है। चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को कहा कि भारत को हमारे मामले में संभलकर बोलने की जरूरत है। तिब्बत से संबंधित मुद्दों पर सावधानी से काम करें, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर प्रभाव न पड़े। भारत को दलाई लामा की चीन विरोधी अलगाववादी प्रकृति के प्रति स्पष्ट होना चाहिए और इस मुद्दे पर हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।







**14वें दलाई लामा तेनजिंग ग्यात्सो ने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी गादेन फोडंग ट्रस्ट को सौंपी**

### यह कहा था रीजीजू ने

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा था कि अगले दलाई लामा पर फैसला सिर्फ स्थापित संस्था और दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा। यह दलाई लामा की ओर से अपने उत्तराधिकारी को लेकर की गई टिप्पणी पर भार सरकार के किसी वरिष्ठ पदाधिकारी की पहली प्रतिक्रिया है।

### दलाई लामा ने यह कहा

दलाई लामा ने बुधवार को कहा था कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को ही उनके उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। उत्तराधिकारी को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार तिब्बती बौद्ध गुरुओं को है। किसी और को हस्तक्षेप करने का हक नहीं।

### यह कहा विदेश मंत्रालय ने

भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत सरकार आस्था और धर्म से जुड़ी हुई मान्यताओं और परंपराओं के मामलों पर न ही कोई पक्ष लेती है और न ही कोई टिप्पणी करती है। सरकार ने देश में हमेशा सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता को महत्व दिया है और आगे भी ऐसा ही जारी रखेगी।

## निको नैनो बबल इंडिया कंपनी के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट

# नैनो बबल तकनीक से साफ होगी मुंगेशपुर ड्रेन की गंदगी

## पानी को शुद्ध करने, बदबू हटाने और एल्गी रोकने में कारगर है नैनो बबल तकनीक

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

गंदगी का पर्याय बन चुकी मुंगेशपुर ड्रेन को साफ करने के लिए बहादुरगढ़ की एक कंपनी हरियाणा में पहली बार नैनो बबल तकनीक का इस्तेमाल करेगी। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सौजन्य से फिलहाल एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत 7 जुलाई को होगी। इस तकनीक में 200 नैनोमीटर से छोटे बुलबुले पानी में ऑक्सीजन मिलाकर उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। ये बुलबुले पानी में घुलने वाली अशुद्धियों को तोड़ने, बदबू हटाने और एल्गी के विकास को रोकने में कारगर होते हैं।


**बहादुरगढ़।** शहर के बाईपास के साथ से गुजर रही मुंगेशपुर ड्रेन।


**बहादुरगढ़।** शहर के बाईपास के साथ से गुजर रही मुंगेशपुर ड्रेन। फोटो : हरिभूमि

भारत सरकार के जल जीवन मिशन और हर घर को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल देने के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए अब हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निको नैनो बबल इंडिया कंपनी के सहयोग से एक नई पहल की है। बहादुरगढ़ के सेक्टर-4बी में स्थित इस कंपनी का दावा है कि इस तकनीक का प्राथमिक लक्ष्य पानी को साफ करना है। यह परियोजना दिल्ली के चिड़िया घर में इस्तेमाल की जा चुकी है। वहां पानी की गुणवत्ता सुधरने के साथ ही तालाबों में रहने वाले मगरमच्छ और घड़ियाल जैसे जलीय प्राणियों का स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ। लेकिन देश में पहली बार ड्रेन की क्वालिटी सुधारने पर नैनो बबल तकनीक का इस्तेमाल होगा। आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) के पार्ट बी में प्रोजेक्ट की मशीनें लग चुकी हैं।

### तकनीक पानी से हटाती है अशुद्धियां



नैनो बबल तकनीक में 200 नैनोमीटर से छोटे बुलबुले पानी में ऑक्सीजन मिलाकर उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। यह तकनीक पानी से अशुद्धियों को हटाती है, बदबू और गंदगी को कम करती है। पानी की बर्बादी रोकते हुए उसे फिर से उपयोग के लायक बनाती है। यह एल्गी के विकास को रोकती है, जिससे पानी साफ और पारदर्शी बना रहता है। **-अमित कपूर**, कंपनी के चेयरमैन एमडी

### कदम पर्यावरण संरक्षण के लिए कारगर



इससे पहले नैनो बबल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल दिल्ली के चिड़िया घर और कर्नाटक स्थित कृष्णा मठ मंदिर में किया जा चुका है। यहां सफल प्रयोग के बाद अब हरियाणा के बहादुरगढ़ में मुंगेशपुर ड्रेन पर डेमो के तौर पर यह प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और जल निकायों के संरक्षण की व्यापक पहल का हिस्सा है। **-अमीता नेहरा** कंपनी की वाइस प्रेसिडेंट

### पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा



नैनो बबल तकनीक प्रभावी और आधुनिक समाधान के रूप में उभरकर सामने आई है। इससे पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा और उसके उपयोग को अधिक कुशल बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई को यह प्रोजेक्ट मुंगेशपुर ड्रेन के किनारे शुरू किया जाएगा। इसकी परिणाम देखने के बाद इसे अन्य स्थानों पर शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा। **-शैलेंद्र अरोड़ा**, एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए सीएमओ

## पलवल में निजी अस्पताल को बंद करने के नाम पर 15 लाख की रिश्वत मांगी

- शिकायतकर्ता ने 20 दिन पहले डॉ जय भगवान को छह लाख रुपये और दो जुलाई को एक लाख रुपये नकद दिए थे
- सीएमओ डॉ. जयभगवान जाटान इससे पहले जींद में भी सस्पेंड हो चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद


**पलवल।** गुरुग्राम विजिलेंस के साथ रिश्वत लेते गिरफ्तार सीएमओ।

पलवल में जिला नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन (सीएमओ) डॉ. जय भगवान जाटान को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। सिविल सर्जन अभी हाल ही में शुरू हुए निजी अस्पताल को बंद करने की धमकी दे रहे थे। बताया गया कि सिविल सर्जन द्वारा 15 लाख की रिश्वत मांगी जा रही थी। पीड़ित ने सिविल सर्जन को तीन लाख रुपये दे दिए थे। वहीं, बकाया रकम की मांग की जा रही थी। गुरुग्राम विजिलेंस की टीम ने जिला नागरिक अस्पताल परिसर में छापेमारी कर जिला सिविल सर्जन को एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही सिविल सर्जन की अलमारी से बरामद तीन लाख की नकदी बरामद हुई। शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को बताया था कि वह मनोहर, धीरज और सुभाष के साथ मिलकर पिछले तीन महीनों से पलवल में सनराइज ट्रामा अस्पताल चला रहा है। सीएमओ डा. जय भगवान उनके अस्पताल में कथित कमियां बताकर इसे बंद करने की धमकी दे रहे थे। इसके एवज में उन्होंने 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, ताकि वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भी हिस्सा दे सकें। शिकायतकर्ता ने बताया कि करीब 20 दिन पहले उन्होंने जय भगवान को छह लाख रुपये और दो जुलाई को एक लाख रुपये नकद दिए थे। इसके बावजूद, सीएमओ बकाया आठ लाख रुपये की मांग कर रहे थे, जिसमें से शिकायतकर्ता केवल एक लाख रुपये का इंतजाम कर पाए। इस शिकायत के आधार पर ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर सीएमओ जय भगवान को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उनके सरकारी निवास की तलाशी में अलमारी से तीन लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए।

*वाहन पंजीकरण घोटाला*

## फर्जी दस्तावेजों पर एनओसी जारी करने वाला लिपिक गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** वाहन पंजीकरण घोटाले के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद को एक बड़ी सफलता मिली है। टीम ने वाहन पंजीकरण से संबंधित धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओमप्रकाश पुत्र गोवर्धनए निवासी धारसूल कलां के रूप में हुई है। आरोपी पूर्व में उपमंडल अधिकारी (नागरिक) व सह मोटर वाहन पंजीकरण प्राधिकारी कार्यालय फतेहाबाद में पंजीकरण लिपिक के पद पर कार्यरत था। आर्थिक शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वर्ष 2019 में आरोपी ने नियमों की अवहेलना करते हुए स्कॉर्पियो वाहन नंबर एचआर22एल-2078 की एनओसी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अर्जुन चौधरी निवासी बहादुरगढ़ के नाम पर जारी कर दी थी।

*सोनीपत में नेशनल हाईवे-44 पर दर्दनाक सड़क हादसा*

# अनियंत्रित स्कार्पियो गाड़ी पलटकर बनी आग का गोला, हादसे में तीन की मौत, एक घायल

- गाड़ी के अंदर ही युवक जला, दोस्त की जन्मदिन पार्टी पर मुरथल खाना खाने आए थे दोस्त
- शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सचिन तोमर | प्रिंस धामा | आदित्य धामा



राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर दर्दनाक हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी अज्ञात वाहन से टकराकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी दिशा में जाकर ट्रक से जा टकराई। हादसे में गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी में सवार आदित्य नाम का युवक अंदर ही झुलस गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल तीन युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया। जहां दो की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि तीसरे का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के पिता जितेंद्र के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने हादसे में मरे तीन युवकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बिनौली निवासी जितेंद्र ने बताया कि उसका बेटा आदित्य (23) फार्मासिस्ट की पढ़ाई कर रहा था। वह अपने दोस्त सचिन (23) निवासी सिरसली व प्रिंस (22) निवासी बिनौली बागपत व विशाल के साथ मुरथल ढाबे पर खाना-खाने के लिए आए हुए थे। वह खाना-खाकर वापस लौट रहे थे। जीटी रोड पर सेक्टर-7 के पास अज्ञात वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दिल्ली-पानीपत लाइन में जाकर ट्रक से टकराकर पलट गई। तीन-चार पलटे खाने के बाद गाड़ी में आग लग गई। हादसे में गाड़ी में सवार चारों युवक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी के अंदर आदित्य नाम का युवक फंस गया। गाड़ी में आग लगने के कारण वह अंदर ही जल गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस व दमकल विभाग की टीमों ने आग पर काबू पाया। वहीं हादसे में घायल तीन युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवाया। जहां दो युवकों की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि चौथे युवक का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के

### की जा रही जांच

देर रात सड़क हादसे की सूचना मिली थी। हादसे में गाड़ी के अंदर एक युवक जिंदा जल गया। जबकि दो की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में चौथे युवक का उपचार दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है। शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित की पहचान कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **-राजू, जांच अधिकारी बहालगढ़ थाना।**



